श्री शरद यादव : सर, आपने रूलिंग दी हैं, आपकी रूलिंग के बाद यह ....(**व्यवधान**)....

श्री एस.एस. अहलुवालिया : आपने यह रूलिंग दी हैं, सर, कि यह सवाल कल लिया जाएगा, उसके बाद हाफ ऐन ऑवर की बात कहां से आई? .....(**व्यवधान**)..... हाफ ऐन ऑवर से कुछ नहीं निकलता यहां पर, कुछ नहीं निकलता। .....(**व्यवधान**)..... इस सवाल पर जब आपने एक बार रूलिंग दे दी,ये उसमें अमेंडमेंट कैसे कर सकते हैं। .....(**व्यवधान**).....

श्री सभापति : हाफ ऐन ऑवर डिस्कशन। .....(**व्यवधान**)..... जनरली जो क्वेश्न पोस्टपोन्ड होते हैं। .....(**व्यवधान**)..... अब अगर आप अभी कुछ सुनना चाहते हैं, तो नहीं मिलेगा। इसलिए मैं कहता हूं कि क्वेशन हाफ ऐन ऑवर डिस्कशन के रूप में कल आएगा, मर्जी आए उस पर पूछिए, लेकिन सब दस्तखत करके देंगे।

श्री शरद यादव : आपकी रूलिंग को हम मान .....(**व्यवधान**).....

श्री विनय कटियार : हाफ ऐन ऑवर में काम तो इनको करना है .....(**व्यवधान**).....

MR. CHAIRMAN: Why are you wasting time? Let the question come tomorrow. Let the Minister reply to it. Question No. 343.

आंगनवाड़ी कामगारों की मांगें

*343. **श्री मोती लाल वोरा :†**
श्रीमती प्रेमा करियप्पा :

क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की मुख्य मांगे क्या-क्या है;

(ख) देश में कितने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं काम कर रही हैं;

(ग) आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को प्रतिमाह कितना मानदेय दिया जा रहा हैं , और

(घ) क्या आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से दहेज और बाल विवाह के विरूद्ध अभियान का कार्य भी समय समय पर लिया जाता हैं?

महिला एंव बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती रेणुका चौधरी) **:** (क) से (घ) विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत हैं।

---

† सभा में यह प्रश्न श्री मोती लाल वोरा द्वारा पूछा गया।

विवरण

(क) आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों/ आंगनवाड़ी सहायिकाओं की मुख्य मांगे इस प्रकार हैं:

- उनकी सेवाओं का क्रमशः ग्रेड-III एवं ग्रेड-IV के कर्मचारी के रूप में नियमितिकरण।
- मानदेय में वृद्वि।
- भविष्य निधि, उपदान तथा पैशन जैसे सेवा निवृत्ति लाभों का प्रावधान।

(ख) 31.12.2005 तक की स्थिति के अनुसार देश में आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों तथा आंगनवाड़ी सहाक्तिओं की कुल संख्या क्रमशः 730825 एवं 723676 हैं।

(ग) इस समय आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को दिए जाने वाला मानदेय 938/- रूपए से 1063/- रूपए प्रतिमाह तक हैं, जो उनकी योग्यता एवं अनुभव पर निर्भर करता हैं। आंगनवाड़ी सहायिकाओं को दिए जाने वाला महोदय 500/- रूपए प्रतिमाह हैं। कुछ राज्य/संघ क्षेत्र अपने संसाधनों में से आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों/ आंगनवाड़ी सहायिकाओं को अतिरिक्त मानदेय भी देते हैं।

(घ) अन्य बातों के साथ-साथ, किशोरियों के सामजिक सशाक्तिकरण हेतु चलाई जा रही किशोरी शाक्ति योजना आई.टी.डी.एस. अवसंरचना के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही हैं। इस स्कीम के अंतर्गत दहेज, बाल विवाह आदि जैसे सामजिक मुद्दों पर जानरूकता सृजन हेतु आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों की सेवाए ली जाती हैं।

Demands of anganwadi workers

†*343. SHRI MOTILAL VORA:††
SHRIMATI PREMA CARIAPPA:

Will the Minister of WOMEN AND CHILD DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) the main demands of anganwadiworkers;

(b) the total number of anganwadi workers and helpers working in the country;

(c) the honorarium being given per month to anganwadi workers and helpers; and

†Original notice of the question was received in Hindi.
†† The question was actually asked on the floor of the House by Shri Moti Lal Vora.

(d) whether these anganwadi workers are engaged to campaign against dowry and child marriage from time to time?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF WOMEN AND CHILD DEVELOPMENT (SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY): (a) to (d) A Statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) The main demands of Anganwadi Workers (AWWs)/Anganwadi Helpers (AWHs') are:

- Regularization of their services as Grade-Ill and Grade-IV employees respectively.
- Enhancement of honorarium.
- Provision of retirement benefits like Provident Fund, Gratuity and Pension.

(b) The total number of Anganwadi Workers (AWWs) and Anganwadi Helpers (AWHs) in the country, as on 31.12.2005, is 730825 and 723676 respectively.

(c) At present, the Anganwadi Workers are paid honorarium ranging from Rs. 938/- to Rs. 1063/- per month, depending upon their qualification and experience. Similarly, the honorarium being paid to Anganwadi Helpers is Rs. 500/- per month. Some States/U.Ts. are also paying additional honorarium to AWWs/AWHs out of their own resources.

(d) Kishori Shakti Yojna, a Scheme for, *inter-alia,* social empowerment of adolescent girls, is implemented through ICDS infrastructure. Under this Scheme, Anganwadi Workers are involved in creating awareness on social issues such as dowry, child marriage etc.

श्री मोती लाल वोरा : माननीय सभापति महोदय, माननीया मंत्री महोदय ने जो जानकारी दी हैं, उससे मैं 50 प्रतिशत संतुष्ट हूं, लेकिन 50 प्रतिशत जो जानकारी में मांगे रखी गई हैं ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति : आप 100 प्रतिशत कैसे संतुष्ट हो सकते हैं?

श्री मोती लाल वोरा : मैं 50 प्रतिशत संतुष्ट हूं। और 50 प्रतिशत में मैं यह कहना चाहता हूं कि आंगनवाड़ी कार्यक्रमों में 14,54,501 कार्यकर्ता लगे हैं। अब अगर आप इनका मानदेय देखें

तो यह न्युनतम वेतनमान से भी कम हैं। महोदय, उनकी मांगों में कहा गया हैं कि क्या माननीय मंत्री महोदय इनके मानदेय में वृद्वि करने की दिशा में कोई कदम उठा रही हैं? इसमें कहा गया हैं कि क्या उनकी सेवाओं को .....(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : सर,हाउस में यह कैसी स्मैल आ रही हैं? .....(**व्यवधान**)...

श्री शाहिदी सिद्दिकी : सर, कैसी स्मैल आ रही हैं? .....(**व्यवधान**)...

†**شری شاہد صدیقی:** سر، کیسی اسمیل ارہی ہے؟...مداخلت...

श्रीमती सुषमा स्वराज : यह स्मैल उधर नहीं आ रही हैं, लेकिन इधर आ रही हैं। .....(**व्यवधान**)...

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: Sir, this is a very important question which relates to women, and I request the House to take it up

श्री सभापति : अब ठीक हो रही है।

श्रीमती सुषमा स्वराज : ठीक नहीं हुई हैं। .....(**व्यवधान**)... सर, यहां तो हम आपकी रूलिंग को चैलेज कर सकते हैं?

श्री सभापति : अब ठीक हो गयी हैं, बोलिए।

श्री मोती लाल वोरा : सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और उनकी सहायिकाओं की संख्या 14,54,501 हैं। उन्होने जो मांगे माननीय मंत्री महोदय के समक्ष रखी थीं, उसमें मंत्री महोदय ने केवल उसका उल्लेख किया है, लेकिन उसके निदान के बारे में, उनकी मांगों के बारे में स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा हैं।महोदय, आप देखें कार्यकर्ताओं को मानदेय 938 रूपए से लेकर 1063 रूपए और सहायिकाओं को केवल 500 रूपए हैं। अब इनसे जो काम लिया जाता हैं .....(**व्यवधान**)...

श्री सभापति : सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थागित की जाThe House then adjourned at forty-eight minutes past eleven of the

clock.

The House reassembled at twelve of the clock.

MR. CHAIRMAN in the Chair.

---

†[ ] Transliteration in Urdu Script.